दिनांक: 06.11.2024

## प्रेस प्रकाशनी

## सीबीएसई द्वारा राजस्थान और दिल्ली में स्कूलों का औचक निरीक्षण

**दिल्ली, 06.11.2024 –** सीबीएसई ने 03.09.2024 को राजस्थान और दिल्ली में कई औचक निरीक्षण किए हैं। ये निरीक्षण बोर्ड से संबद्ध **27 स्कूलों** में किए गए।
इन औचक निरीक्षणों का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि विद्यालय बोर्ड के संबद्धता एवं परीक्षा उपनियमों के अनुसार विद्यालयों में छात्रों की नियमित उपस्थिति के मानदंडों का अनुपालन करते हुए संचालित हो रहे हैं।

सीबीएसई ने इस बात पर बल दिया कि डमी या उपस्थि ति नहीं रखने वाले स्कूल शैक्षणिक सत्यनिष्ठा को कमजोर करते हैं और तदनुसार स्कूलों को उत्तर देने के लिए 30 दिन का समय देते हुए कारण बताओ नोटिस जारी किए। निरीक्षणों के दौरान पाई गई अनियमितताओं के संबंध में औचक निरीक्षण समितियों की महत्वपूर्ण टिप्पणियों से संबंधित स्कूलों को रिपोर्ट द्वारा अवगत कराया गया। बोर्ड ने स्कूलों द्वारा प्रस्तुत उत्तरों की विस्तार से जांच की। निरीक्षण निष्कर्षों और वीडियोग्राफिक साक्ष्यों के आधार पर:

- कक्षा IX-XII में बड़ी संख्या में उपस्थित न होने वाले छात्रों के कारण **21 स्कूलों की संबद्धता वापस ली गई।**
- **6 स्कूलों को सीनियर सेकेंडरी से सेकेंडरी स्तर पर डाउनग्रेड**किया गया।

अंतरराष्ट्रीय उपस्थिति वाले अग्रणी राष्ट्रीय शिक्षा बोर्ड के रूप में, हम लंबे समय से शैक्षिक सुधारों को और आगे क्रियान्वित करने, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने और छात्रों के समग्र विकास को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हालाँकि, डमी/उपस्थिति के बिना दाखिले की प्रथा/पद्धति स्कूली शिक्षा के मूल उद्देश्य के विपरीत है, जो छात्रों के आधारभूत विकास को प्रतिकूल ढंग से प्रभावित करती है । इस मुद्दे को संबोधित करने के लिए , हम डमी स्कूलों के प्रसार के विरुद्ध निर्णायक कार्रवाई कर रहे हैं और सभी संबद्ध संस्थानों को डमी या उपस्थि ति के बिना दाखिले स्वीकार करने के लालच का विरोध करने का एक स्पष्ट संदेश दे रहे हैं। बोर्ड यह सुनिश्चित करने के लिए निरंतर प्रयास करेगा कि स्कूल वैध और नीतिपरक शैक्षिक पद्धतियों का पालन करें।

**असंबद्ध विद्यालयों की सूची:-**

| क्रम सं. | स्कूल का नाम | पता |
|---|---|---|
| 1. | खेमो देवी पब्लिक स्कूल | नरेला, दिल्ली-110040 |
| 2. | विवेकानंद स्कूल | नरेला दिल्ली-110040 |
| 3. | संत ज्ञानेश्वर मॉडल स्कूल | अलीपुर, दिल्ली - 110036 |
| 4. | पीडी मॉडल सेकेंडरी स्कूल | सुल्तानपुरी रोड-110041 |
| 5. | सिद्धार्थ पब्लिक स्कूल | कंझावला, उत्तर पश्चिम दिल्ली - 110081 |
| **6.** | राहुल पब्लिक स्कूल | राजीव नगर एक्सटेंशन, दिल्ली -110086 |
| 7. | प्रिंस उच्च माध्यमिक विद्यालय | सीकर, राजस्थान-332001 |
| 8. | भारती विद्या निकेतन पब्लिक स्कूल | चंदर विहार, पश्चिमी दिल्ली, दिल्ली-110041 |

| | | |
|---|---|---|
| 9. | यूएसएम पब्लिक सेक.स्कूल | नांगलोई, दिल्ली - 110041 |
| 10. | आर डी इंटरनेशनल स्कूल | बपरौला, नई दिल्ली - 110043 |
| 11. | हीरा लाल पब्लिक स्कूल | मदनपुर डबास, उत्तर पश्चिम दिल्ली-110081 |
| 12. | बी आर इंटरनेशनल स्कूल | मुंगेशपुर, दिल्ली - 110039 |
| 13. | लार्ड बुद्ध पब्लिक स्कूल | कोटा, राजस्थान-325003 |
| 14. | एसजीएन पब्लिक स्कूल | नांगलोई, दिल्ली - 110041 |
| 15. | एमडी मेमोरियल पब्लिक स्कूल | नांगलोई दिल्ली- 678594 |
| 16. | एलबीएस कॉन्वेंट स्कूल | कोटा, राजस्थान-325003 |
| 17. | हंसराज मॉडल स्कूल | रोहिणी सेक्टर-21, दिल्ली- 110086 |
| 18. | शिव ज्योति कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल | कोटा, राजस्थान- 324010 |
| 19. | विद्या भारती पब्लिक स्कूल | सीकर राजस्थान- 332001 |
| 20. | केआरडी इंटरनेशनल स्कूल | ढांसा रोड, नई दिल्ली-110073 |
| 21. | एमआर भारती मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल | मुंडका-110041 |

**डाउनग्रेड किए गए स्कूलों की सूची:-**

| क्रम सं. | स्कूल का नाम | पता |
|---|---|---|
| 1 | आदर्श जैन धार्मिक शिक्षा सदन | नजफगढ़ नई दिल्ली-110043 |
| 2 | बीएस इंटरनेशनल स्कूल | निलोठी एक्सटेंशन, दिल्ली - 110041 |
| 3 | भारत माता सरस्वती बाल मंदिर | नरेला, दिल्ली- 110040 |
| 4 | चौ. बलदेव सिंह मॉडल स्कूल | जिला उत्तर पश्चिम दिल्ली, दिल्ली- 110041 |
| 5 | ध्रुव पब्लिक स्कूल | जय विहार, नई दिल्ली - 110043 |
| 6 | नवीन पब्लिक स्कूल | नांगलोई, दिल्ली-110041 |

हस्ता/-
**सचिव, सीबीएसई**